अति-आवश्यक/आज ही जारी हो

कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः-न-5(57)पु.फो./कानि. भर्ती-23/2023/ 4418 दिनांकः-30.12.2024

1. पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) आयुक्तालय जयपुर/जोधपुर।
2. पुलिस अधीक्षक, जिला-अजमेर/भीलवाडा/नागौर/टोंक/अलवर/भिवाडी/दौसा/जयपुर ग्रामीण/झुन्झुनू/सीकर/कोटा शहर/कोटा ग्रामीण/बून्दी/बॉरा/झालावाड/जैसलमेर/जालोर/बाडमेर/पाली/सिरोही/भरतपुर/धौलपुर/करौली/बीकानेर/हनुमानगढ/श्रीगंगानगर/उदयपुर/राजसमन्द/चित्तौडगढ/डूंगरपुर/बॉसवाडा मय जीआरपी अजमेर/सीआईडी(आईबी)/पुलिस दूर संचार, जयपुर।

विषयः-कॉन्स्टेबल भर्ती 2023 के सम्बन्ध में।
प्रसंगः-इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4417 दिनांक 30.12.2024 के क्रम में।

विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के अतिक्रमण में लेख है कि एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 39/2023 द्वारा विकास बाजिया व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में माननीय उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा पारित आदेश दिनाक 01.2.2024 की पालना में कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 हेतु विज्ञापित 3578 पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश अग्रिम आदेश तक जारी नही करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे।

माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 से संबंधित एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 20250/2023 द्वारा सौरभ कुमार व अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य 118 याचिकाओं को आदेश दिनांक 12.12.2024 द्वारा खारिज किया जा चुका है।

अतः नियमानुसार औपचारिकताऐं पूर्ण करने वाले चयनित अभ्यर्थियों (रिव्यू में चयनित अभ्यर्थियों सहित) को **दिनांक 11.01.2025 को सांयकाल** आवश्यक दस्तावेज/साजो-सामान के साथ संबंधित पुलिस लाईन में एकत्रित करने हेतु जरिऐ-डाक/विशेष वाहक/ ई-मेल/दूरभाष सूचित करावें तथा उक्त चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 12.01.2025 को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव में सम्मिलित कर नियुक्ति आदेश प्रदान करवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त प्रयोजनार्थ जिला कलेक्टर कार्यालय से समन्वय स्थापित करने हेतु किसी आरपीएस स्तर के अधिकारी को निर्देशित किया जावें, जो नियत समय पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश का वितरण करवाये जाने तथा आयोजन उपरान्त पुलिस लाईन में अभ्यर्थियों की आमद करवाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

30.12.24

(बिपिन कुमार पाण्डेय)
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान जयपुर को नवनियुक्त कॉन्स्टेबलगण के प्रारम्भिक प्रशिक्षण सम्बन्धी तैयारी रखने हेतु अनुरोध है।
2. पुलिस आयुक्त, जयपुर/जोधपुर।
3. महानिरीक्षक पुलिस, रेंज-जयपुर/जोधपुर/उदयपुर/बीकानेर/कोटा/भरतपुर/रेल्वेज/इन्टेलीजेन्स, राजस्थान, जयपुर।
4. उप महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेंज, अजमेर।

30.12.24

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।